# 6 दो बैलों की कथा

## खिए

सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—

क. गयाप्रसाद के घर से भागने में किसने बैलों की मदद की? ✓ लड़की ने

ख. साँड़ ने पहले किसपर वार किया? ✓ हीरा पर

ग. हीरा-मोती ने खेत में क्या खाया? ✓ मटर

मिलान कीजिए—

| | |
|---|---|
| गयाप्रसाद | एक किसान और हीरा-मोती का मालिक |
| झूरी | दो में से एक बैल का नाम |
| व्यापारी | झूरी की पत्नी का भाई |
| हीरा | हीरा-मोती को खरीदनेवाला व्यक्ति |

3. पाठ के आधार पर लिखिए कौन, कैसा था—

झूरी — ...झूरी पशुओं से प्यार करता था। वह बुद्धिमान था।...

गयाप्रसाद — ...गयाप्रसाद कठोर हृदयवाला था। उसे पशुओं से बिल्कुल प्यार नहीं था।...

4. कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—

## समझिए व्याकरण संबोध

1. विलोम शब्द लिखिए—

| | | |
|---|---|---|
| गाँव | × | ……शहर…… |
| उत्साह | × | ……निरुत्साह…… |
| अपमान | × | ……सम्मान…… |
| आज़ाद | × | ……गुलाम…… |
| प्रसन्न | × | ……अप्रसन्न…… |
| कमज़ोर | × | ……मज़बूत…… |

2. **पाठ से संयुक्त व्यंजन वाले शब्द चुनिए और किन्हीं चार से वाक्य बनाइए—**

शब्द — "प्यार, ध्यान, प्रसन्न, रास्ते, रस्सी, हड्डियाँ, पत्नी"

वाक्य — (i) "हीरा-मोती झूरी से बहुत प्यार करते थे।"

(ii) "झूरी बैलों का ध्यान रखता था।"

(iii) "हीरा-मोती ने रस्सी तोड़ दी।"

(iv) "झूरी की पत्नी ने बैलों को चूमा।"

3. **दिए गए शब्दों को योजक-चिह्न लगाकर लिखिए—**


हीरा और मोती — "हीरा-मोती"

रूखा और सूखा — "रूखा-सूखा"

एड़ी और चोटी — "एड़ी-चोटी"

आकाश और पाताल — "आकाश-पाताल"

4. **कि/की चुनते हुए मिलान कीजिए और वाक्य बनाइए—**




5. **उचित विशेषण शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए—**

छोटी-सी, रूखा-सूखा, मोटे-मोटे, ऊँची

**क.** झूरी की पत्नी ने हीरा-मोती के सामने "रूखा-सूखा" भूसा डाल दिया।

**ख.** गयाप्रसाद बैलों को "मोटे-मोटे" रस्सों से बाँधता था।

**ग.** गया के घर में एक "छोटी-सी" लड़की रहती थी।

**घ.** नीलामी में सबसे "ऊँची" बोली एक व्यापारी ने लगाई।

# पाठ-6 दो बैलो की कथा

इस कहानी में बताया गया है कि पशुओं में भी सोचने-समझने की शक्ति होती है। हमें उनके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

श्रुतलेखन शब्द

| | | |
|---|---|---|
| 1. बैल | 6. लाचार | 11 कमज़ोर |
| 2. उत्साह | 7. चुपचाप | 12 व्याकुल |
| 3. किसान | 8. बचाकर | 13 प्रसन्न |
| 4. इमारत | 9. साहस | |
| 5 नीलामी | 10. व्यापारी | |

शब्दार्थ

1. उत्साह - उमंग
2. पौ फटना - सुबह होना
3. लाचार - बेबस
4. दुर्दशा - बुरी दशा

PAGE No.

DATE

* कुछ शब्दों में

प्र०1 हीरा-मोती को कॉंजी हाउस किसने भेजा ?

उत्तर हीरा-मोती को कॉंजी हाउस मटर के खेत के रखवाले ने भेजा।

प्र०2 कॉंजी हाउसवालो ने इमारत को खाली देखकर क्या किया ?

उत्तर कॉंजी हाउसवालों ने इमारत को खाली देखकर हीरा और मोती को नीलाम कर दिया।

प्र०3 हीरा-मोती को किसने खरीदा ?

उत्तर हीरा-मोती को एक व्यापारी ने खरीदा।

कुछ वाक्यो में

प्र०1 हीरा-मोती झूरी को क्यो चाहते थे ?

उत्तर झूरी हीरा-मोती के चारे-पानी का बहुत ध्यान रखता था। उन्हें कभी मारता-पीटता नहीं था।

प्र०2 बैलों ने सॉंड़ का सामना कैसे किया ?

उत्तर- बैलों ने सॉंड़ का सामना साहस से किया। जब सॉंड़ ने हीरा पर सामने से वार किया तो मोती ने उसपर पीछे से सींगों से

PAGE No.
DATE

हमला किया।

प्र०3 काँजी हाउस में कौन-कौन से जानवर थे? उनकी दशा क्या थी?

उत्तर काँजी हाउस में भैंसे, घोड़े, घोड़ियाँ, बकरियाँ, गधे आदि जानवर थे। वे सब बहुत कमज़ोर और दुबले-पतले थे।

प्र०4 वह लड़की आई और उसने दोनों बैलों को खोल दिया। इससे लड़की के स्वभाव की कौन-सी विशेषता पता चलती है?

उत्तर इससे पता चलता है कि लड़की, दयालु, सहृदय और ममतामयी है।

